**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**SECOND TERM EXAMINATION – FEBRUARY – MARCH 2023**

**Class: VII** **HINDI 2nd LANGUAGE**

**Time: 3 Hrs.** (**कुल प्रश्न**: 11 **कुल पृष्ठ** : 4) **Maximum Marks: 80**

# खण्ड - क

**01. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- 5x1=5**

वर्तमान समय में विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। इस उन्नति ने हमें हर कार्य करने के लिए अलग-अलग उपकरण प्रदान किये हैं। कुछ घरेलू मशीन जैसे - कपड़े धोने के लिए मशीन, कपड़े सिलने के लिए सिलाई मशीन, पानी ठंडा करने तथा भोजन को लम्बे

समय तक ताज़ा रखने के लिए रेफ्रिजरेटर आदि। इन मशीनों के कारण मनुष्यों में शारीरिक श्रम की प्रवृत्ति लगभग समाप्त हो चुकी है तथा विभिन्न बीमारियों ने शरीर में अपना घर बना लिया है। प्राचीन काल में मशीन तो नहीं थीं किन्तु सभी कार्य सरलता एवं सुगमता से होते थे। शारीरिक श्रम के कारण मनुष्य का शरीर नीरोगी एवं सुगठित रहता था। सभी मानव कम से कम शतायु (सौ वर्ष) तो अवश्य होते थे। आज हमें तरह-तरह की बीमारियों ने जकड़ रखा है। इससे हम न केवल रोगी हैं बल्कि अल्पायु भी होने लगे हैं। हमें मशीनों पर अपनी निर्भरता को समाप्त

कर शारीरिक श्रम के महत्त्व को समझना होगा। जब हम स्वस्थ्य होंगे तभी हम किसी भी कार्य को पूरे मन से सफलता पूर्वक कर पाएँगे। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क ही सफलता की सीढ़ी के द्वार खोलते हैं।

**i) निम्नलिखित में घरेलू मशीन कौन-सी है?**

**क.** रेफ्रिजरेटर **ख.** विद्यालय

**ग.** हवाई जहाज **घ.** रेलवे स्टेशन

**ii) सफलता किससे मिलती है?**

**क.** कपड़े धोने की मशीन से

**ख.** स्वस्थ मस्तिष्क और शरीर से

**ग.** आलसी बनने से

**घ.** बीमारियों से

**iii) प्राचीन काल में मनुष्य के शतायु होने का प्रमुख कारण था-**

**क.** दिनभर पढ़ना **ख.** यात्रा करना

**ग.** रोते रहना

**घ.** शारीरिक श्रम करना

**iv) शारीरिक श्रम न करने के कारण मनुष्य को ---------- हैं।**

**क.** खुशियाँ

**ख.** बीमारियाँ हो रही

**ग.** नौकरी नहीं मिलती

**घ.** गरीबी बढ़ रही

**v) इस गद्यांश में किसका महत्त्व समझाया गया है?**

**क.** समय का **ख.** शारीरिक श्रम का

**ग.** ईमानदारी का **घ.** धन का

**02. i) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए-** **2x½ =1**

**क.** नौकर **ख.** शत्रु

**ii) निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची लिखिए-** **2x½ =2**

**क.** बालक **ख.** वायु

**iii) निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलिए-** **4x½ =2**

**क.** लड़की **ख.** कला

**ग.** गाड़ी **घ.** कतार

**iv) उचित कारकों से वाक्य पूरे कीजिए-** **4x½ =2**

**क.** मछली पानी **---------** रहती है।

**ख.** बच्चे पेंसिल **---------** लिखते हैं।

**ग.** पिता **---------** पुत्र को बुलाया

**घ.** गरीबों **---------** भोजन दो।

**v) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए-** **2x1 =2**

**क.** तथा+एव **ख.** महा + औषध

**vi) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए-** **2x1 =2**

**क.** देशभक्ति **ख.** दाल-रोटी

**vii) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए-** **2x1 =2**

**क.** रामू ने घोड़े में पानी पिलाया।

**ख.** माँ, बच्चे की दूध लाई।

**viii) निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए-** **2x1 =2**

**क.** आग उगलना **ख.** सिर आँखों पर रखना

**03.** **<u>किसी एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए- 5**

पर्यावरण की रक्षा, विद्यार्थी जीवन, ईमानदारी का महत्त्व

**04.** विद्यालय में कैंटीन खुलवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

सफ़ाई का महत्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**05.** परीक्षा के बाद दो मित्रों की बातचीत को **50-60 शब्दों में** संवाद के रूप में लिखिए। **5**

**06. चित्र देखकर उसका वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए- 5**



## खण्ड - ख

**07. गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- 5x1=5**

मेघालय यानी 'बादलों का घर'। देश में सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र मॉसिनराम इसी राज्य में स्थित है। इस राज्य का एक तिहाई भाग वनों से ढ़का है। यहाँ की अधिकांश जन-जातियों में मातृ सत्तात्मक व्यवस्था है। यहाँ वंश परंपरा

तथा उत्तराधिकार स्त्रियों से चलता है। यह परंपरा खासी, जयंतिया एवं गारो तीनों जनजातियों में प्रचलित है। यहाँ परिवार की छोटी बेटी सारी संपत्ति की उत्तराधिकारी होती है। परिवार के बुज़ुर्गों तथा बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उसकी ही होती है।

**i) मेघालय का दूसरा नाम क्या है?**

**क.** तारों का घर **ख.** बादलों का घर

**ग.** बर्फ का घर **घ.** लकड़ी का घर

**ii) मेघालय का कौन-सा क्षेत्र अधिक वर्षा पाता है?**

**क.** असम **ख.** मिज़ोरम

**ग.** त्रिपुरा **घ.** मॉसिनराम

**iii) मेघालय जन-जातियों में -------------- व्यवस्था है-**

**क.** पितृ सत्तात्मक **ख.** मातृ सत्तात्मक

**ग.** भातृ सत्तात्मक **घ.** इनमें से कोई नहीं

**iv) मातृ सत्तात्मक व्यवस्था किन जनजातियों में प्रचलित है-**

**क.** खासी, भील एवं गारो

**ख.** माही, हुलगी एवं गारो

**ग.** खासी, जयंतिया एवं गारो

**घ.** खासी, जयंतिया एवं भीमा

**v) परिवार की सारी संपत्ति का उत्तराधिकारी कौन होता है-**

**क.** छोटी बेटी **ख.** बड़ी बेटी

**ग.** बड़ा भाई **घ.** पिता

**08. काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- 5x1=5**

आज सिन्धु ने विष उगला है,
लहरों का यौवन मचला है
आज हृदय में और सिन्धु में,
साथ उठा है ज्वार
तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार
लहरों के स्वर में कुछ बोलो, इस अंधड़ में साहस तोलो
कभी-कभी मिलता जीवन में, तूफानों का प्यार।

**i) समुद्र ने किस प्रकार का रूप धारण किया है?**

**क.** शांत **ख.** सुहावना

**ग.** गंभीर **घ.** भयंकर

**ii) सिन्धु का क्या अर्थ है?**

**क.** नदी **ख.** समुद्र

**ग.** तालाब **घ.** झील

**iii) पाठ के अनुसार सागर पार करने के लिए क्या आवश्यक है?**

**क.** नाव **ख.** साहस

**ग.** जहाज **घ** पतवार

**iv) 'अंधड़' से क्या तात्पर्य है?**

**क.** सफलता **ख.** साहस

**ग.** नाव **घ** कठिन परिस्थितियाँ

**v) इस कविता में मानव की किस विशेषता की ओर इशारा किया गया है-**

**क.** कभी जीत न मानने वाली

**ख.** लड़ने की

**ग.** कभी हार न मानने वाली

**घ.** हारने की

**09. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए- 5x2=10**

**क**) सूरदास ने प्रभु को करुणामय क्यों कहा है?

**ख**) रानी कर्णावती द्वारा भेजी राखी पाकर हुमायूँ को कैसा लगा?

**ग**) राखी का मूल्य पाठ से क्या प्रेरणा मिलती है?

**घ**) कवि ने मानव को मिट्टी का पुतला क्यों कहा है?

**ड.**) लोग नमक विभाग के दारोगा पद के लिए क्यों ललचाते थे?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- 5x3=15**

**क)** राखी भेजने के पक्ष में रानी ने क्या तर्क दिया?

**ख)** मिज़ो लोगों का सामाजिक जीवन सबके लिए उदाहरण कैसे है?

**ग)** कवि ने प्रभु के प्रताप का वर्णन क्या कहकर किया है?

**घ)** पंडित अलोपीदीन ने किस गुण के कारण वंशीधर को अपना स्थायी मैनेजर बना लिया?

**ड.)** असम के प्रसिद्ध त्योहार के बारे में लिखिए।

**11. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1+2+2=5**

**क)** यदि आपको टाइम मशीन मिल जाए तो आप क्या करेंगे?

**ख)** आप लोगों ने तो अपने वंशजों के लिए जीते-जी कब्र तैयार कर ली-वकील ने ऐसा क्यों कहा?

**ग)** समययान पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है?

((((((()))))))